>

Title: Need to provide irrigation facilities through Indira Sagar Canal Project and Dakshineswar Canal Project in Betul Parliamentary Constituency.

**श्रीमती ज्योति धुर्वे (बेतूल):** सभापति महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र का एक गंभीर विषय आपके समक्ष रखना चाहती हूं। मेरा पूरा संसदीय क्षेत्र कृषि पर आधारित है। आज भी वहां पर कोई ऐसे बड़े उद्योग नहीं हैं जिनसे लोगों का जीवनयापन हो सके। मैं अपने संसदीय क्षेत्र की दो बड़ी परियोजनाओं की मांग आपके माध्यम से सरकार से करती हूं। हमारा एक विकास खण्ड हरसूद है और दूसरा विकास खण्ड टिमरनी है। विकास खण्ड हरसूद निमाड़ क्षेत्र में आता है। आप जानते हैं कि निमाड़ क्षेत्र हमेशा सूखा और पठारी होता है। मेरा पूरा संसदीय क्षेत्र सिक्स्थ शिडयूल में आता है और इस पूरा एरिया में जो छोटे किसान हैं, आदिवासी, दलित किसान हैं, पिछड़े हैं, इनकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। इसलिए मैं दो परियोजनाएं - एक, इंदिरा सागर नहर परियोजना की मांग करती हूं, ताकि वहां के चालीस गांवों के जो किसान हैं, उनकी जमीन सिंचित हो सके, उनके जीवनयापन हो सके, उनकी आर्थिक स्थिति सुधर सके। दूसरी परियोजना दक्षिणेश्वर नहर परियोजना है। आपके माध्यम से मैं केंद्र सरकार से इन दोनों परियोजनाओं की मांग करती हूं ताकि वहां के छोटे किसान के जीवनयापन का जो प्रमुख साधन कृषि है, उसके माध्यम से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो।

सभापति महोदय, आपने मुझे इस विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं।